भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3971
25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: वर्तमान बाजार मूल्य डेटा तक किसानों की पहुँच

3971. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः
श्री बी. मणिक्कम टैगोरः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि किसानों को अपनी उपज के लिए समय पर और सटीक बाजार मूल्य की जानकारी नहीं मिल पा रही है और यदि हां, तो सरकार किसानों को वर्तमान बाजार मूल्य के आंकड़ों तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है;

(ख) बाजार आसूचना के लिए एक मजबूत प्रणाली बनाने के लिए कार्यान्वित की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है, जो किसानों को विभिन्न कृषि बाजारों में मांग, आपूर्ति और मूल्य निर्धारण प्रवृत्तियों के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करेगीः

(ग) किसानों द्वारा बाजार मूल्यों पर नजर रखने तथा उनके संबंध में जागरुक निर्णय लेने में सहायता करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉम या मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों का ब्यौरा क्या है;

(घ) विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में किसानों के लिए सुलभ बाजार सूचना प्रणाली बनाने हेतु राज्य सरकारों, कृषि निकायों और निजी क्षेत्र के भागीदारो के साथ किए गए सहयोग का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार केंद्रीकृत राष्ट्रीय डाटाबेस या प्लेटफॉर्म को बनाकर किसानों को मूल्य पूर्वानुमान, गुणवत्ता मानकों, कृषि वस्तुओं सहित व्यापक बाजार आसूचना मुहैया करा सकती है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ङ): कृषि विपणन राज्य का विषय है। विभिन्न राज्यों ने कृषि उपज मंडी समितियों (एपीएमसी) की स्थापना की है तथा किसानों को बाजार मूल्य की जानकारी प्रसारित करने के अलग-अलग तरीके अपनाए हैं। इसके अतिरिक्त, कृषि जिंसों के मंडी बाजार मूल्यों की समय पर जानकारी

एगमार्कनेट के माध्यम से प्रसारित की जाती है। विपणन अनुसंधान और सूचना नेटवर्क (एमआरआईएन) को केंद्र सरकार द्वारा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एसएएमबी) और एपीएमसी के सहयोग से क्रियान्वित किया जाता है। यह 3918 बाजार नोड्स के नेटवर्क को कवर करता है, जिसमें 323 जिंसों और 2000 से अधिक किस्मों को शामिल किया गया है। मंडियों में जिंसों की आवक और किये गए क्रय विक्रय की कीमतों के आंकड़ों को एकत्र किया जाता है और एगमार्कनेट वेब पोर्टल के माध्यम से प्रसारित किया जाता है, जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) पोर्टल पर 231 जिंसों के मूल्य से संबंधित जानकारी उपलब्ध है। 7 दिनों की मंडी दरें ई-नाम वेब पोर्टल पर तथा ई-नाम ऐप पर 2 दिनों की दरें दर्शाई जाती हैं, जिससे किसान और अन्य हितधारकों को डेटा तक पहुंच मिलती है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एकीकृत कृषि सांख्यिकी पोर्टल (उपज) एक डिजिटल कृषि डेटा प्रबंधन प्लेटफ़ॉर्म है जो कृषि सांख्यिकी को एकीकृत करता है। यह फसल उत्पादन, बाज़ार के रुझान, मूल्य निर्धारण आदि की जानकारी के लिए केंद्रीकृत हब के रूप में कार्य करता है। यूपीएजी का उद्देश्य नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और किसानों सहित कृषि क्षेत्र के हितधारकों को, निर्णय लेने में सहायता के लिए व्यापक जानकारी प्रदान करके सशक्त बनाना है।

*****